भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
वित्तीय सेवाएं विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2526
जिसका उत्तर सोमवार, 03 अगस्त, 2026/12 श्रावण, 1948 (शक) को दिया गया

जीवन बीमा पॉलिसियों के समयपूर्व अभ्यर्पण में वृद्धि

†2526. प्रो. सौगत राय:
श्री किशोरी लाल:
क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या हाल के वर्षों में जीवन बीमा क्षेत्र में समयपूर्व पॉलिसी अभ्यर्पण (अभ्यर्पण) में भारी वृद्धि हुई है और यह परिपक्वता भुगतानों से अधिक हो गई है;
(ख) यदि हां, तो पिछले पांच वर्षों में से प्रत्येक के दौरान बीमाकर्ता-वार दर्ज किए गए समयपूर्व पॉलिसी अभ्यर्पण और परिपक्वता भुगतानों का ब्यौरा क्या है;
(ग) वित्तीय संकट, पॉलिसियों की गलत बिक्री (मिस-सेलिंग), वहनीयता से जुड़े मुद्दों और बीमाधारकों के बीच अपर्याप्त जागरूकता सहित समयपूर्व पॉलिसी अभ्यर्पण में वृद्धि के लिए चिन्हित प्रमुख कारण क्या है;
(घ) क्या सरकार ने घरेलू बचत, दीर्घकालिक वित्तीय सुरक्षा और देश में बीमा की पहुंच पर बढ़ती अभ्यर्पण दर के प्रभाव का आकलन किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ङ) क्या सरकार का प्रस्ताव बीमाधारकों के हितों की रक्षा के लिए पॉलिसी की बिक्री, प्रकटीकरण मानकों, फ्री-लुक प्रावधानों और अभ्यर्पण मूल्य विनियमों से संबंधित सुरक्षा उपायों को मजबूत करने का है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(च) पॉलिसियों के व्यपगत होने तथा समयपूर्व अभ्यर्पण को कम करने, शिकायत निवारण प्रणाली में सुधार करने और बीमा उपभोक्ताओं के बीच वित्तीय जानकारी को बढ़ाने के लिए सरकार तथा बीमा नियामक द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी)

(क) और (ख): जीवन बीमाकर्ताओं द्वारा भुगतान किए गए कुल लाभों के हिस्से के रूप में अभ्यर्पण और निकासी वित्त वर्ष 2021-22 में 32 प्रतिशत से बढ़कर वित्त वर्ष 2025-26 में 39 प्रतिशत हो गई है, जो पिछले पांच वर्षों में अभ्यर्पण और निकासी व्यवहार में वृद्धि का संकेत देती है। इसके अलावा, कुल लाभों के अनुपात के रूप में अभ्यर्पण और निकासी जीवन बीमा क्षेत्र द्वारा भुगतान किए गए परिपक्वता लाभों से अधिक हो गई है। जीवन बीमाकर्ताओं द्वारा भुगतान किए गए कुल लाभों में परिपक्वता लाभ का अनुपात वित्त वर्ष 2021-22 में 48% से घटकर वित्त वर्ष 2025-26 में 37% हो गया है।

निम्नलिखित तालिकाएं जीवन बीमाकर्ताओं द्वारा भुगतान किए गए कुल लाभों के अनुपात और राशि दोनों में अभ्यर्पण और निकासी का ब्यौरा प्रदान करती हैं:

जीवन बीमा क्षेत्र द्वारा भुगतान किए गए लाभ (राशि करोड़ रुपये में)

विवरण	वित्त वर्ष 22	वित्त वर्ष 23	वित्त वर्ष 24	वित्त वर्ष 25	वित्त वर्ष 26^
मौत का दावा	60,822	41,457	42,284	47,490	49522
परिपक्वता	2,39,656	2,12,985	2,42,699	2,23,03	269706
अभ्यर्पण /निकासी	1,58,285	1,98,839	2,29,245	2,33,299	280130
वार्षिकी/पेंशन	18,248	20,696	23,909	26,823	31327
अन्य	25,086	22,887	38,883	99,526	92473
कुल	**5,02,097**	**4,96,865**	**5,77,021**	**6,30,171**	**7,23,158**

(^वित्त वर्ष 26 का डेटा अनंतिम है) *स्रोत: आईआरडीएआई*

जीवन बीमा क्षेत्र द्वारा भुगतान किए गए लाभ (प्रतिशत में)

विवरण	वित्त वर्ष 22	वित्त वर्ष 23	वित्त वर्ष 24	वित्त वर्ष 25	वित्त वर्ष 26^
मौत का दावा	12%	8%	7%	8%	7%
परिपक्वता	48%	43%	42%	35%	37%
अभ्यर्पण/निकासी	32%	40%	40%	37%	39%
वार्षिकी/पेंशन	4%	4%	4%	4%	4%
अन्य	5%	5%	7%	16%	13%
कुल	**100%**	**100%**	**100%**	**100%**	**100%**

(^वित्त वर्ष 26 का डेटा अनंतिम है) *स्रोत: आईआरडीएआई*

पिछले पांच वर्षों में भुगतान किए गए लाभों का बीमाकर्ता-वार विवरण अनुबंध में दिया गया है।

(ग) से (घ): बीमा क्षेत्र के नियामक, आईआरडीएआई ने सूचित किया है कि पॉलिसी अभ्यर्पण और समयपूर्व निकासी कई कारकों से प्रभावित होते है, जिसमें खरीदे गए उत्पाद के उपयुक्तता की कमी, प्रीमियम को वहन करने में असमर्थता सामर्थ्य की कमी, पॉलिसीधारकों की अपेक्षाओं को पूरा न कर पाना, गलत बिक्री, पॉलिसीधारकों में बीमा उत्पादों के बारे में जागरूकता समझ में कमी और पॉलिसीधारकों की वित्तीय परिस्थितियों में बदलाव शामिल हैं।

इसके अलावा, आईआरडीएआई बीमाकर्ताओं की वित्तीय सुदृढ़ता, पॉलिसीधारक की सुरक्षा और बीमा क्षेत्र की समग्र स्थिरता के लिए उनके निहितार्थों का आकलन करने के लिए पॉलिसी अभ्यर्पण, निकासी और निरंतरता से संबंधित रुझानों की लगातार निगरानी करता है। इस तरह की निगरानी के आधार पर, जहां भी आवश्यक समझा जाए, पॉलिसीधारकों की सुरक्षा को मजबूत करने, उत्पाद संरचना और प्रकटीकरण में सुधार करने, सुदृढ़ जोखिम प्रबंधन, अभिशासन पद्धतियों और पॉलिसीधारकों में जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए उचित निगरानी और विनियामक उपाय किए जाते हैं।

हालांकि, आईआरडीएआई ने बढ़ते अभ्यर्पण दरों का परिवारों की बचत, दीर्घकालिक वित्तीय सुरक्षा या देश में बीमा की पहुंच पर पड़ने वाले असर का कोई विशिष्ट आकलन नहीं किया है।

(ड़ से च) आईआरडीएआई ने सूचित किया है कि वर्तमान विनियामक प्रावधानों के अनुसार, गैर-लिंक्ड जीवन बीमा बचत उत्पाद कम से कम एक पूरे वर्ष के प्रीमियम के भुगतान के बाद अभ्यर्पण मूल्य प्रदान करते हैं, जिसमें अभ्यर्पण मूल्य पैमाने सभी पॉलिसीधारकों के लिए तर्कसंगतता और पैसे का मूल्य सुनिश्चित करता है।

इसके अतिरिक्त, पॉलिसीधारकों के हितों की रक्षा करने और समुचित अभ्यर्पण के लाभ सुनिश्चित करने के लिए, आईआरडीएआई ने आईआरडीएआई (बीमा उत्पाद) विनियम, 2024 और जीवन बीमा उत्पादों पर मास्टर परिपत्र 2024 के माध्यम से अभ्यर्पण से संबंधित मामलों को नियंत्रित करने वाली एक व्यापक विनियामक संरचना स्थापित की है, जो अभ्यर्पण मूल्यों से संबंधित प्रावधानों सहित विस्तृत दिशानिर्देश प्रदान करती है। आईआरडीएआई द्वारा पॉलिसीधारकों के लिए पॉलिसी संबंधी चूकों और समय से पहले अभ्यर्पण को कम करने के लिए निम्नलिखित उपाय किए गए हैं:

i. पारदर्शिता और संसूचित निर्णय लेने में सुधार करने के लिए, बीमाकर्ताओं को अनुमोदित उत्पाद विवरणिका प्रदान करने, अधिकृत वितरण चैनलों और उत्पाद सुविधाओं को अपनी वेबसाइटों पर प्रदर्शित करने और जीवन बीमा पॉलिसियों की बिक्री के निष्कर्ष से पहले एक हस्ताक्षरित लाभ संबंधी उदाहरण विवरण प्रदान करने की आवश्यकता है। इस तरह के अनुकूलित लाभ संबंधी उदाहरण विवरण में अलग से पॉलिसी के वर्ष-वार गारंटीकृत अभ्यर्पण मूल्य (जीएसवी), विशेष अभ्यर्पण मूल्य (एसएसवी) और देय अभ्यर्पण मूल्य देय के बारे में बताया जायेगा। पॉलिसी लाभों के बारे में ग्राहकों की जागरूकता बढ़ाने के लिए सभी जीवन बीमा पॉलिसियों के लिए एक ग्राहक सूचना पत्र (सीआईएस) अनिवार्य किया गया है।
ii. मानकीकृत बिक्री के बाद की प्रक्रिया के एक भाग के रूप में सभी जीवन बीमा पॉलिसीधारकों को पॉलिसी रद्द करने और समय अवधि के लिए आनुपातिक जोखिम प्रीमियम, चिकित्सा परीक्षा व्यय (यदि कोई हो), और स्टांप ड्यूटी शुल्क की कटौती के बाद प्रीमियम की वापसी प्राप्त करने के लिए 30 दिनों की मुफ्त-लुक अवधि की अनुमति दी जाती है।
iii. सभी गैर-लिंक्ड व्यक्तिगत जीवन बीमा बचत उत्पादों को पॉलिसी ऋण की सुविधा प्रदान करना अपेक्षित होता है, जिससे पॉलिसीधारकों को चल निधि आवश्यकताओं को पूरा करने में सक्षम बनाया जा सके, ताकि पॉलिसीधारकों को पॉलिसी में चूक करने या अभ्यर्पण की आवश्यकता के बिना निधि तक पहुंच प्राप्त हो।
iv. शिक्षा, आवास या चिकित्सा उपचार जैसे महत्वपूर्ण जीवन संबंधी खर्चों को कवर करने के लिए पेंशन उत्पादों के तहत आंशिक निकासी की अनुमति है।
v. इस प्रकार, गैर-लिंक्ड जीवन बीमा बचत उत्पाद एक पूरे वर्ष के प्रीमियम के भुगतान के बाद अभ्यर्पण मूल्य प्राप्त करते हैं; बीमाकर्ताओं को उचित अभ्यर्पण मूल्य सुनिश्चित करना, पात्र बचत उत्पादों में पॉलिसी ऋण सुविधाएं प्रदान करने, निर्दिष्ट जीवन की घटनाओं के लिए पेंशन उत्पादों के तहत आंशिक निकासी की अनुमति देना और वहन करने के सामर्थ्य और पॉलिसी निरंतरता में सुधार के लिए लचीली प्रीमियम भुगतान शर्तों को प्रस्तुत करना अपेक्षित है।

इसके अतिरिक्त, आईआरडीएआई ने विज्ञापनों को संचालित करने वाले मानदंडों को निर्धारित किया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि बीमा उत्पादों से संबंधित सभी संचार निष्पक्ष, सटीक और भ्रम रहित हो, जिससे संभावित पॉलिसीधारकों को सूचना के आधार पर निर्णय लेने में सक्षम बनाया जा सके। इन उपायों को विनियामक विवरणों, निरीक्षण, लेखा परीक्षाओं, बाजार आसूचना और अन्य पर्यवेक्षी तंत्र के माध्यम से निरंतर पर्यवेक्षी निगरानी द्वारा सहयोग किया जाता है।

आईआरडीएआई (पॉलिसीधारकों के हितों का संरक्षण, संचालन और बीमाकर्ताओं के संबद्ध मामले) विनियम, 2024 और संबंधित मास्टर परिपत्रों के अनुसार प्रत्येक जीवन बीमाकर्ता के पास उत्पाद उपयुक्तता का आकलन

करने और संभावित ग्राहकों की आवश्यकताओं के आधार पर उत्पादों की सिफारिश करने के लिए बोर्ड द्वारा अनुमोदित पॉलिसी अपेक्षित होती है। बीमाकर्ता और वितरण चैनल आग्रह के दौरान निष्पक्ष आचरण सुनिश्चित करने, गलत बिक्री और भ्रामक बिक्री पद्धति को रोकने, बिक्री कर्मियों और मध्यस्थों को आवधिक प्रशिक्षण प्रदान करने, ग्राहकों की प्रतिक्रिया प्राप्त करने, प्रीमियम भुगतान को बनाए रखने की संभावित ग्राहक की क्षमता का आकलन करने के लिए वित्तीय हामीदारी को मजबूत करने आदि के लिए जिम्मेदार हैं।

पॉलिसीधारकों के पास बीमाकर्ताओं और बीमा लोकपाल के माध्यम से एक प्रभावी शिकायत निवारण तंत्र तक भी पहुंच है।

*****

अनुबंध

"जीवन बीमा पॉलिसियों के समय पूर्व अभ्यपर्ण में वृद्धि" के संबंध में, माननीय संसद सदस्यों प्रो. सौगत राय और श्री किशोरी लाल द्वारा दिनांक 03.08.2026 के लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2526 के उत्तर के लिए भाग (क) से (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध ।

(राशि करोड़ रुपये में)

क्र सं	बीमा कंपनी	वित्त वर्ष 2025-26 (अनंतिम)						वित्त वर्ष 2024-25					
		मृत्यु के दावे	परिपक्वता अनुसार दावे	वार्षिकी/पेंशन भुगतान	अभ्यर्पण/वापसी	अन्य लाभ	कुल	मृत्यु के दावे	परिपक्वता अनुसार दावे	वार्षिकी/पेंशन भुगतान	अभ्यर्पण/वापसी	अन्य लाभ	कुल
1	एको लाइफ इंश्योरेंस लिमिटेड	24	-	-	0	0	**24**	13	-	-	0	0	**12.66**
2	आदित्य बिड़ला सन लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड	834	484	86	9,797	1,397	**12,598**	725	422	64	7,538	954	**9,703.87**
3	एजेस फेडरल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड	182	351	6	1,037	527	**2,102**	161	240	5	813	602	**1,822.05**
4	अवीवा लाइफ इंश्योरेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड.	111	684	51	566	53	**1,464**	99	390	51	517	56	**1,113.74**
5	बजाज लाइफ इंश्योरेंस लिमिटेड	1,821	2,605	147	8,761	1,033	**14,367**	1,756	2,009	107	7,777	826	**12,475.40**
6	बंधन लाइफ इंश्योरेंस लिमिटेड	86	117	0	138	127	**467**	67	69	0	225	59	**419.74**
7	भारती एक्सा लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड	226	281	-	763	686	**1,956**	199	227	-	638	424	**1,488.84**
8	केनरा एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड	509	842	63	3,103	64	**4,582**	405	452	59	1,503	2,642	**5,060.89**
9	क्रेडिटएक्सेस लाइफ इंश्योरेंस लिमिटेड	154	-	-	0	-	**154**	42	-	-	0	-	**41.84**
10	एडलवाइस लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड	49	90	4	567	226	**937**	48	76	4	562	162	**852.94**
11	एक्साइड लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड	-	-	-	-	-	**-**	-	-	-	-	-	**-**
12	फ्यूचर जनरली इंडिया लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड	62	233	2	370	277	**943**	63	130	1	354	837	**1,385.17**
13	गो डिजिट लाइफ इंश्योरेंस लिमिटेड	352	-	-	8	42	**401**	138	-	-	0	18	**155.81**
14	एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड	4,494	8,399	1,879	15,741	4,846	**35,359**	4,950	8,593	1,610	14,052	7,706	**36,910.93**

15	आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड	3,572	13,202	807	27,340	1,288	**46,208**	3,360	9,477	720	30,760	1,154	**45,471.09**
16	इंडियाफर्स्ट लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड	450	1,243	11	2,153	340	**4,197**	611	725	6	1,998	302	**3,641.35**
17	इंडसइंड निप्पॉन लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड	222	1,220	14	1,767	1,271	**4,494**	212	1,028	13	1,481	789	**3,522.87**
18	कोटक महिंद्रा लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड	1,747	2,455	184	3,309	1,175	**8,869**	1,832	2,575	147	2,811	945	**8,310.80**
19	भारतीय जीवन बीमा निगम	24,885	2,18,507	25,641	1,56,731	61,983	**4,87,747**	24,419	1,81,978	22,097	1,30,905	53,879	**4,13,278.77**
20	मैक्स लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड	1,767	1,960	369	9,590	6,407	**20,094**	1,456	1,694	255	6,943	6,678	**17,025.80**
21	पीएनबी मेटलाइफ इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड	679	2,595	94	2,210	933	**6,511**	641	1,666	70	2,486	802	**5,664.69**
22	प्रामेरिका लाइफ इंश्योरेंस लिमिटेड	241	247	0	292	20	**800**	251	119	0	233	17	**619.49**
23	सहारा इंडिया लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-
24	एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड	4,778	11,431	1,756	29,294	6,362	**53,620**	4,110	9,438	1,428	16,308	17,046	**48,329.50**
25	श्रीराम लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड	709	632	16	299	250	**1,906**	560	388	9	249	142	**1,347.55**
26	स्टार यूनियन दाई-इची लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड	448	339	27	952	586	**2,351**	442	326	26	687	1,417	**2,897.94**
27	टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड	1,119	1,791	171	5,341	2,582	**11,005**	929	1,011	150	4,458	2,069	**8,617.14**
	कुल	**49,522**	**2,69,706**	**31,326**	**2,80,130**	**92,473**	**7,23,158**	**47,490**	**2,23,034**	**26,822**	**2,33,299**	**99,526**	**6,30,171**

स्रोत: आईआरडीएआई

(राशि करोड़ रुपये में)

क्र सं	बीमा कंपनी	वित्त वर्ष 2023-24						वित्त वर्ष 2022-23					
		मृत्यु के दावे	परिपक्वता अनुसार दावे	वार्षिकी/पेंशन भुगतान	अभ्यर्पण/वापसी	अन्य लाभ	कुल	मृत्यु के दावे	परिपक्वता अनुसार दावे	वार्षिकी/पेंशन भुगतान	अभ्यर्पण/वापसी	अन्य लाभ	कुल
1	एको लाइफ इंश्योरेंस लिमिटेड	1	-	-	0	-	**1**	-	-	-	-	-	-
2	आदित्य बिड़ला सन लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड	623	694	40	5,887.46	498	**7,742**	770	864	30	4,117	-9	**5,772**
3	एजेस फेडरल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड	93	301	5	895.40	517	**1,812**	92	333	4	541	390	**1,361**
4	अवीवा लाइफ इंश्योरेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड.	82	208	73	578.22	64	**1,006**	63	307	54	589	86	**1,100**
5	बजाज लाइफ इंश्योरेंस लिमिटेड	1,704	2,325	69	7,411.63	501	**12,012**	1,620	2,100	40	8,151	462	**12,372**
6	बंधन लाइफ इंश्योरेंस लिमिटेड	42	32	0	264.25	72	**409**	37	10	0	253	60	**361**
7	भारती एक्सा लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड	195	140	-	446.81	337	**1,119**	183	105	-	328	244	**859**
8	केनरा एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड	348	259	62	1,571.34	911	**3,151**	321	171	50	1,474	1,063	**3,079**
9	क्रेडिटएक्सेस लाइफ इंश्योरेंस लिमिटेड	6	-	-	-	-	**6**	-	-	-	-	-	-
10	एडलवाइस लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड	49	18	4	577.93	59	**708**	48	6	4	306	71	**435**
11	एक्साइड लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-
12	फ्यूचर जनरली इंडिया लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड	64	69	1	322	410	**866**	68	54	0	275	260	**657**
13	गो डिजिट लाइफ इंश्योरेंस लिमिटेड	22	-	-	-	-	**22**	-	-	-	-	-	**-**
14	एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड	4,143	8,621	1,319	14,517	9,242	**37,841**	4,333	7,238	1,016	21,703	3,355	**37,645**
15	आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड	3,078	5,159	642	29,975	892	**39,746**	2,337	3,706	538	23,552	655	**30,789**
16	इंडियाफर्स्ट लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड	650	278	3	2,003	341	**3,276**	555	370	2	2,672	131	**3,731**
17	इंडसइंड निप्पॉन लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड	193	885	11	1,415	759	**3,263**	192	610	10	1,013	624	**2,449**
18	कोटक महिंद्रा लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड	1,534	2,121	109	2,632	869	**7,265**	1,345	1,934	75	2,167	845	**6,367**
19	भारतीय जीवन बीमा निगम	22,625	2,08,136.42	20,106	1,33,803	1,278	**3,85,949**	23,423	1,85,044	17,892	1,11,896	1,057	**3,39,312**
20	मैक्स लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड	1,189	1,317	152	5,907	4,752	**13,318**	1,154	1,058	77	6,037	1,651	**9,976**

21	पीएनबी मेटलाइफ इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड	608	978	69	2,252	644	**4,551**	566	488	56	1,305	487	**2,903**
22	प्रामेरिका लाइफ इंश्योरेंस लिमिटेड	203	114	0	241	8	**565**	139	76	0	223	8	**446**
23	सहारा इंडिया लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड	-	-	-	-	-	**-**	5	81	-	26	26	**138**
24	एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड	3,174	9,935	1,098	13,760	14,757	**42,724**	2,883	7,169	752	9,067	10,219	**30,090**
25	श्रीराम लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड	458	186	7	193	94	**937**	393	154	6	150	62	**764**
26	स्टार यूनियन दाई-इची लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड	409	369	26	599	393	**1,796**	352	498	26	453	136	**1,464**
27	टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड	792	552	111	3,993	1,487	**6,935**	577	608	62	2,543	1,005	**4,795**
	कुल	**42,284**	**2,42,699**	**23,909**	**2,29,245**	**38,883**	**5,77,021**	**41,457**	**2,12,985**	**20,696**	**1,98,839**	**22,887**	**4,96,865**

स्रोत: आईआरडीएआई

(राशि करोड़ रुपये में)

क्र सं	बीमा कंपनी	वित्त वर्ष 2021-22					
		मृत्यु के दावे	परिपक्वता अनुसार दावे	वार्षिकी/पेंशन भुगतान	अभ्यर्पण/वापसी	अन्य लाभ	कुल
1	एको लाइफ इंश्योरेंस लिमिटेड	-	-	-	-	-	-
2	आदित्य बिड़ला सन लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड	796	1,488	23	4,205	244	**6,754**
3	एजेस फेडरल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड	156	338	3	319	300	**1,116**
4	अवीवा लाइफ इंश्योरेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड.	115	266	50	653	106	**1,189**
5	बजाज लाइफ इंश्योरेंस लिमिटेड	2,010	1,960	23	4,329	488	**8,810**
6	बंधन लाइफ इंश्योरेंस लिमिटेड	121	34	0	206	30	**391**
7	भारती एक्सा लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड	293	59	-	233	186	**772**
8	केनरा एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड	495	242	37	1,463	407	**2,644**
9	क्रेडिटएक्सेस लाइफ इंश्योरेंस लिमिटेड	-	-	-	-	-	-
10	एडलवाइस लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड	97	4	2	191	25	**320**
11	एक्साइड लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड	353	779	11	747	154	**2,044**
12	फ्यूचर जनरली इंडिया लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड	144	67	0	228	121	**561**
13	गो डिजिट लाइफ इंश्योरेंस लिमिटेड	-	-	-	-	-	-
14	एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड	4,334	9,003	692	8,968	8,155	**31,151**
15	आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड	3,601	4,155	416	20,407	568	**29,145**
16	इंडियाफर्स्ट लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड	784	132	1	2,980	112	**4,009**
17	इंडसइंड निप्पॉन लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड	314	962	9	1,258	556	**3,099**
18	कोटक महिंद्रा लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड	1,675	2,053	48	1,441	601	**5,818**
19	भारतीय जीवन बीमा निगम	35,720	2,05,527	16,257	95,118	816	**3,53,438**

20	मैक्स लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड	1,964	966	31	4,774	1,538	**9,273**
21	पीएनबी मेटलाइफ इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड	1,083	326	47	1,152	394	**3,001**
22	प्रामेरिका लाइफ इंश्योरेंस लिमिटेड	236	60	0	204	15	**515**
23	सहारा इंडिया लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड	13	71	-	28	29	**141**
24	एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड	4,736	9,725	545	7,102	9,130	**31,238**
25	श्रीराम लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड	523	145	3	140	59	**870**
26	स्टार यूनियन दाई-इची लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड	484	569	24	392	211	**1,680**
27	टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड	775	726	28	1,748	841	**4,118**
	कुल	**60,822**	**2,39,656**	**18,248**	**1,58,285**	**25,086**	**5,02,097**

स्रोत: आईआरडीएआई